हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 16 जून 2024

13 शिक्षा मनोरंजक व आनंददायक हो, कक्षा...



14 शिक्षा सत्र के निर्बाध संचालन के लिए स्कूलों का निर्माण...





प्रवेश प्रारंभ BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E. PG Diploma In Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज
बेलभाठा, अभनपुर

# कब्र खोदकर लाश निकाली, युवती के दोनों हाथ गायब, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम पसौद में 26 वर्षीय युवती रोशनी साहू का शव कब्र से निकाला गया। तो युवती का दोनों हाथ गायब मिला। युवती के घर के बाड़ी में जहां हाथ को दफनाने की बाते हुई थी वहां का खुदाई करने पर हाथ नहीं मिले। तीनों आरोपियों को गिरफ्त में लिया गया। पुलिस की पूछताछ जारी है। कृत्य को लेकर आरोपियों ने कोई राज नहीं बताया है।

ग्राम पसौद निवासी चिंताराम साहू ने फिंगेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी बहन की मौत दो माह पहले हुई थी और उसे रीति- नीति के अनुसार दफना दिये थे लेकिन पता चला है कि ग्राम के तीन युवक उसके कब्र को निकालकर मेरे घर के पीछे एरिये में फिर दफना दिये हैं। फिंगेश्वर पुलिस ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तहसीलदार से कब्र खोदने की मंजूरी लेते हुए तहसीलदार बीआर ध्रुव एवं पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे। वहां पहुंचकर सबसे पहले प्रार्थी के खुला बाड़ी की खुदाई की गई लेकिन वहां पर कुछ भी नहीं मिला।

## भाई चिंताराम ने बताया बहन की मौत दो माह पूर्व हुई थी मौत

### शव के हाथों को काटकर निकाला

ग्रामवासियों एवं परिजनों ने कहा कि जिस स्थान पर उन्होंने युवती का शव दफन किया था उस स्थल की खुदाई करने पर सबकुछ सामने आ जायेगा। उसके बाद मृतिका रोशनी साहू के कब्र की खुदाई की गई वहां पर रोशनी के दोनों हाथ शरीर से गायब मिले। इस प्रकार यह बात साबित हो गई कि मृतिका के शव से हाथ काटकर निकाला गया हैं। पुलिस उसके बाद घटना स्थल से आवश्यक कार्यवाही करते हुए तीनो आरोपी को थाना ले आये हैं। इस मामले को लेकर गांव में आरापियों के खिलाफ ग्रामीणों का जमकर गुस्सा रहा।



### काला जादू के नाम पर हरकत

इस मामले को देखकर लगता है कि आरोपियों के द्वारा तंत्रमंत्र काला जादू को लेकर उक्त कृत्य को किया गया है। फिर हाल पुलिस आरोपियों को हिरासत मे लेकर पूछताछ में लगी हुई है कि आखिरकार दोनों हाथों को कहां छिपाया है? और उक्त कृत्य किस लिए किया गया है। आरोपियों कोमल साहू उर्फ लाला साहू, कंगलू ध्रुव एवं गैंदराम कमार के खिलाफ अपराध क्रमांक 198 के तहत भादवि की धारा 297,201,34 के तहत अपराध पंजी बद्ध किया गया है। घटना मे प्रयोग होने वाली हीरो मोटर सायकिल भी जप्त किया गया है। कार्यवाही को लेकर तहसीलदार बीआर ध्रुव, थाना प्रभारी फेजूल होदा शाह, एसआई चिंतामनी देशमुख, एएसआई खुमान सिंग महिलांग, प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा, भगवानसिंह ठाकुर, धनुश निषाद, आरक्षक किशोर, लीली कंवर, खोरपा केरकेट्टा घटना स्थल में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू 17 को मैनपुर में

मैनपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व गृहमंत्री एवं कांग्रेस के महासमुंद



लोकसभा प्रत्याशी रहे ताम्रध्वज साहू 17 जून को 12 बजे मैनपुर पहुचेंगे। इस दौरान मैनपुर में बिन्द्रानवागढ विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है, लोकसभा चुनाव में सहयोग के लिए कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू आभार प्रदर्शन करने पहुंच रहे उनके साथ बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव एवं कांग्रेस गरियाबंद जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू भी मैनपुर पहुचेंगे। उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बिन्द्रानवागढ क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सांप डसने से महिला की मौत

**महासमुंद**। ग्राम कनकेवा की एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने बताया कि रामबती साहू पति कुलेश्वर साहू (48 साल) को सांप ने काट लिया था, जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने पर मौत हो जाना बताया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सुविधा और विकास : ग्रामीणों को लालटेन से छुटकारा पाने में लग गए 7 दशक


# लूठापारा गांव की कमार बस्ती तक 75 साल बाद बिजली पहुंची तो झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसा आदिवासी कमार जनजाति पिछली ग्राम लूठापारा में आखिर आजादी के 75 वर्षों बाद बिजली की रौशनी पहुंचने से ग्रामीणों में भारी खुशी देखने को मिल रही है, गांव में बिजली पहुंचने से ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम लूठापारा की जनसंख्या लगभग 310 के आसपास है और यहां आदिवासी कमार विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवास करते है, गांव में बिजली लगाने की मांग वर्षो से ग्रामीण कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों की इस गंभीर मांग के तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया था। प्रदेश भाजपा के सरकार बनने के बाद लगभग 5 माह पूर्व प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछडी जनजाति ग्रामो का सरकार द्वारा सर्वे करवाया और कई ग्रामों में शिविर लगाकर जनजाति सामुदाय के लोगों को सरकार

▶▶| शेष पेज 13 पर



### बिजली पहुंच चुकी है

बिजली विभाग के जिला अधिकारी अतुल तिवारी ने बताया कि छिन्दौला, लूठापारा में बिजली पहुंच चुकी है ग्रामीणों के घर में कनेक्शन देकर मीटर लगाया जा चुका है उन्होने बताया कि क्षेत्र के और कई गांवो का सर्वे किया जा रहा है जहां जल्द बिजली पहुंचाई जायेगी।

-**अतुल तिवारी**, बिजली विभाग अधिकारी

### सर्वे कर जल्द बिजली पहुंचाई जाएगी

गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि बिजली विहीन ग्रामों में लगातार बिजली लगाने का निर्देश दिया गया है। मैनपुर क्षेत्र के छिन्दौला के बाद ग्राम लूठापारा में बिजली लगाई गई है उन्होंने बताया जल्द बिजली विहिन ग्रामों में भी बिजली की रोशनी पहुंचाई जाएगी। बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिया गया है कि विद्युत विहिन ग्रामों का सर्वे कर जल्द से जल्द सभी ग्रामों में बिजली लगाई जाए।

-**दीपक अग्रवाल**, गरियाबंद कलेक्टर

### ग्रामीणों ने सीएम के प्रति जताया आभार

ग्राम लूठापारा के ग्रामीण विसनाथ,



बृजलाल, बुधराम, रामसिंह, पीलाबाई, कांसिन, रामेश्वर, पिलेश्वर, रतनसाय, आशाराम, साताराम, समारू, पतिराम, सोनधर , रामलाल ने बताया कि हमारे इस गांव में बिजली लगाने की मांग वर्षो से कर रहे थे और तो और बिजली लगाने की मांग को लेकर कई बार कलेक्टर एवं मैनपुर पहुंचे सांसद विधायक से मांग कर थक चुके थे लेकिन आज तक गांव में बिजली नहीं लगाई गई थी और ग्रामीण रात के अंधेरे दूर करने लालटेन का सहारा ले रहे थे। इस गांव में लगाये गये सौर उर्जा प्लेट भी जर्जर और खराब हो चुका था कई बार मांगकर थक चुके थे लेकिन हमारी समस्याओं का सामधान करने वाला कोई नहीं था।

# हाईवा से टकराई बाइक मौके पर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम बारूला निवासी डोमन ध्रुव 30 वर्ष का अंधेरा में खड़ी हाईवा से बाइक टकरा जाने से मौके पर मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गृह ग्राम बारूला में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के पिता ईतवारी व इंदरमन ने बताया कि युवक डोमन ध्रुव बारूला अभनपुर में एटीएम में गार्ड का काम करता था। शुक्रवार रात को वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान हसदा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी हाइवा के पीछे युवक की बाइक टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अभनपुर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अभनपुर भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र का है।

## आयुर्वेदिक दवा देने के नाम पर ऐंठ लिए साढ़े 25 हजार रुपए

**महासमुंद**। आयुर्वेदिक दवाई देने के नाम पर आरंग क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा बागबाहरा क्षेत्र के कई लोगों से फ्रॉड किए जाने का मामला सामने आया है। इनमें से एक पीड़ित ने बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ साढ़े 25 हजार रुपए धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को वार्ड नं 15 देहानी भाठा बागबाहरा निवासी नरेंद्र सेन पिता किशुन सेन (31 साल) ने बताया कि कामदेव निषाद पिता बहुर निषाद निवासी निसदा तहसील/थाना-आरंग, जिला रायपुर करीब 4-5 माह पूर्व पड़ोसी के माध्यम से मेरे घर पहुंचा एवं मेरी पत्नी की मासिक परेशानी को देखकर कहा कि मैं आयुर्वेदिक डॉक्टर हूं एवं आयुर्वेदिक दवाई से ठीक कर दूंगा। इसी दौरान आरोपी ने कहा कि इसके लिए भूपेंद्र डी-मार्ट कंपनी में राशि 1000 देकर पंजीयन कराना होगा एवं दवाई की राशि पहले देना होगा। आरोपी ने ऐसा कहकर मुझसे नगद 19,000 रुपए एवं फोन पे से राशि 6500 कुल 25,500 रुपए लिया। उसके बाद में लगातार 3 से 4 माह बीच-बीच में फोन लगाया तो वह उठाता नहीं था।

# शत-प्रतिशत लोगों का 27 तक बनाएं आयुष्मान कार्ड : एसडीएम



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभागार में आज सुबह 10:30 बजे मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 27 जून तक पूरे क्षेत्र में हरहाल में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। उन्होने पंचायतवार आयुष्मान कार्ड के सबंध में समीक्षा किया तथा कुछ स्थानों पर धीमी कार्य की गति को देखकर एसडीएम ने नराजगी जाहीर भी किया, साथ ही शख्त निर्देश दिया है कि सभी लोगो का आयुष्मान कार्ड समय पर बनाया जाये और सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी समय पर अपने कार्य पर उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वाहन करें। लगातार शिकायत आ रही है कि अभी भी बहुत से जरूरतमंद परिवार है जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है इन सभी परिवारों का आयुष्मान कार्ड जल्द बनाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मिल सके। एसडीएम ने शत-प्रतिशत परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने कहा। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुख्यकार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कवर, बीपीएम गणेश सोनी, ईशुलाल पटेल, लीलावती सेन, नीता अयोध्या, दुलेश्वरी पटेल, पार्वती

▶▶| शेष पेज 13 पर


■ मैनपुर एसडीएम ने सचिव एवं जनपद के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों की ली बैठक

### निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पर तेजी लाने का निर्देश एवं ग्राम पंचायत 9 सचिवों को नोटिस जारी मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने जनपद पंचायत सभागार में आज प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर ग्राम पंचायत के सचिवों एवं जनपद के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लिया। बैठक में मैनपुर विकासखण्ड के 09 ग्राम पंचायत के सचिवों को सो कास नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अभियान योजना के कार्यों का भी समीक्षा किया गया। एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने प्रत्येक पंचायतवार प्रधानमंत्री आवास योजना के सबंध में जानकारी लिया साथ ही सख्त हिदायत दिया है कि उक्त निर्माण कार्य में कोई भी प्रकार के लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। कई जगह प्रधानमंत्री आवास के धीमी निर्माण कार्य को लेकर नराजगी जताई एवं सभी को समन्वय बनाकर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

# आंधी से घर पर गिरा पेड़, दीवार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम कासरबाय में तेज आंधी- तूफान से पेड़ और बिजली के पोल गिरने से मकान क्षति ग्रस्त हो गए हैं। शुक्रवार शाम को अंचल में तेज आंधी तूफान का सामान करना पड़ा। हालांकि भीषण गर्मियों से जूझ रहे लोगों को कुछ पल के लिए राहत मिली। लेकिन इसके साथ लोगों को मुसीबतों का सामना भी करना पड़ा। ग्राम कासर बाय निवासी राजेश देवांगन के घर में पेड़ गिर गया, जहां घर में रहे परिजन किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। इस हादसे से आसपास में दहशत बना रहा। इस संबंध में राजेश देवांगन ने बताया की अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते आंधी तूफान से सेम्हर पेड़ घर पर जा गिरा। इस घटना में किसी को चोट नहीं आई पर घर पर पेड़ गिरने से घर का दीवाल क्षति ग्रस्त हैं। राजेश ने शासन- प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### गंगा दशमी एवं गायत्री जयंती के अवसर पर महानदी की सफाई आज

**राजिम**। गंगा दशमी एवं गायत्री जयंती के अवसर पर सर्व समाज द्वारा महानदी की सफाई की जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से बजरंग अखाड़ा राजिम श्याम नगर के युवा टीम, किसान सेवा समिति धीवर राजिम संगम समिति एवं साहू समाज, सोनकर समाज, निषाद समाज, यादव समाज, निर्मलकर समाज, सिन्हा समाज, गुप्ता समाज, ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहेंगे। ये सफाई अभियान गंगा आरती स्थल से एनीकेट तक किया जाएगा।

# स्व सहायता समुह के 3.73 लाख का गबन, आरोपी कैशियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



थाना छुरा के नेतृत्व में बैंक में महिला स्व सहायता समूह के नाम पर ठगी व धोखाधड़ी करने के आरोपी को धरपकड़ कर गिरफ्तार किया गया है।

प्रार्थिया राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन बिहान में आदर्श महिला समूह संगठन कनसिंधी में अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है, जो थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा छुरा में कार्यरत कैशियर नवीन बरिहा द्वारा 4 स्व सहायता समूह के लोन किस्त की रकम को खाता में जमा न कर बेईमानी की नियत से लेने अलग-अलग किस्तों की कुल 3,73,900/ रूपये गबन किया है, कि प्रार्थिया की लिखित आवेदन पर धारा 420 घटित होना पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया। इसी प्रकार आरोपी नवीन बरिहा द्वारा 4 स्व सहायता समूह के लोन किस्त की रकम को खाता में जमा न कर बेईमानी की नियत से लेने अलग-अलग किस्तों की कुल 3,73,900 रूपये गबन किया है, प्रार्थीया के रिपोर्ट पर थाना छुरा के धारा 420 जोड़ने धारा 409 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरणो के अभियुक्त नवीन बरिहा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा छुरा जिला गरियाबंद को प्रकरण में विधिक सहयोग न करने पर दिनांक 11 जून को गिरफ्तार कर रिमाण्ड में भेजा गया है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ सफल आयोजन

# 40 ने किया रक्तदान और दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




जिला स्वास्थ्य समिति जिला गरियाबंद के द्वारा 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का जिला चिकित्सालय गरियाबंद में सफल आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले में रक्त संग्रह की सुविधा के लिए एवं जरूरतमंदो की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु पात्र रक्तदाताओं द्वारा नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने पर जोर दिया जाना है। इस रक्तदान शिविर में कुल 40 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करते हुए शिविर को सार्थक बनाया गया। साथ ही साथ जिले में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 80 रक्तदाताओं एवं संचालित रक्तदाता समूह के स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त आयोजन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदू पाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, सभी को इस पुण्य कार्य में सहभागी बनना चाहिए, व जिलें में संचालित रक्तदाता समूह को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं डॉ. ए.के. हुमने जिला नोडल अधिकारी के द्वारा स्वयं रक्तदान करके बताया कि रक्तदान से प्राप्त रक्त से जरूरत मंदो की जान बचाई जा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डॉक्टर एमके हेला सिविल सर्जन, डॉक्टर विपिन बिहारी अग्रवाल पैथोलॉजिस्ट, डॉक्टर हरीश चौहान, आरएमओ ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया एवं अन्य लोगों को भी रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित करने कहा गया।

## ईद-उल-जुहा पर्व कल मनाएंगे

**मैनपुर**। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 17 जून को मुस्लिम समाज द्वारा ईद–उल–जुहा का पर्व मनाया जायेगा। ईद–उल–जुहा पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है साथ ही 17 जून को सुबह 7:30 बजे रजा मस्जिद मैनपुर से जूलूस निकालकर 8 बजे ईदगाह में नमाज अदा किया जायेगा। उक्त जानकारी मुस्लिम समाज मैनपुर के अध्यक्ष हनीफ मेमन ने देते हुए बताया कि ईद की नमाज सुबह 8 बजे ईदागाह में अदा किया जायेगा ।

हरिभूमि पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़-आगजनी के दोषियों पर हो कार्रवाई

**रायपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने गिरौदपुरी धाम में हुई घटना तथा बलौदाबाजार में आगजनी के संबंध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री त्रिवेंद्र ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूजनीय जैतखंब में तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से सतनामी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाते हुए बलौदाबाजार में शासकीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाजजनों पर कार्रवाई की जा रही है। वास्तविक आरोपियों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा पाठ 24 को

**रायपुर।** पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंद के सामने मजदूर सेवा समिति द्वारा 24 जून को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस संबंध में अजय चकोले ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि मजदूर सेवा समिति को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा क्षेत्र में कारखानों, फैक्ट्रियों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग को जगाने के लिए समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण दिवस के मौके पर मजदूर सेवा समिति ने औद्योगिक क्षेत्र उरला में शिविर लगाकर हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर रोक

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा वर्षा ॠतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ॠतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। प्रदेश के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट (मछली मारने) 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इस नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा।

### छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में सुशासन के लिए पारदर्शी और बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय कामकाज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। **भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कार्रवाई :** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने कहा-लिखकर दें हम परीक्षा नहीं देंगे

## हंगामे के बाद परीक्षा निरस्त, शुक्रवार सुबह से रविवि में होता रहा बीएएलएलबी छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन से लेकर जल्द परिणाम जारी किए जाने तक, कई तरह के वादे करने वाले रविवि की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, राजनीति विज्ञान तृतीय प्रश्नपत्र की परीक्षा शुक्रवार को थी। इसके स्थान पर रविवि ने राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र के पर्चे बांट दिए। जब छात्रों ने प्रश्नपत्र देखे को उनके होश उड़ गए। इसके बाद सभी छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परीक्षा कक्ष छोड़कर छात्रों ने विवि का प्रशासनिक भवन घेर लिया। इसके बाद रविवि ने परीक्षा निरस्त कर दी। विवि प्रबंधन द्वारा 10 जुलाई के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही गई है। शेष विषयों की परीक्षाएं होने के बाद रविवि निरस्त हो चुके विषय की परीक्षा लेगा। निश्चित तिथि रविवि द्वारा नहीं बताई गई है। दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधित आश्वासन के पश्चात छात्रों का हंगामा समाप्त हुआ।

### बड़ी लापरवाही

राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा एक जुलाई को होनी थी। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्रों के इस वितरण से कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि द्वारा अभी तक इस पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के बाद लगभग एक घंटे तक छात्रों को बैठाए रखा गया, तत्पश्चात उन्हें परीक्षा निरस्त होने की जानकारी दी गई।



### तिथि निर्धारण जल्द

परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए नई तिथि का निर्धारण जल्द किया जाएगा। छात्रहित हमारे लिए सर्वोपरी है।
-प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

### छात्रों का आवेदन लिखने से इनकार

*परीक्षा दिलाने आए बीएएलएलबी छात्रों का कहना है कि गलत प्रश्नपत्र थमा दिए जाने के बाद जब छात्रों द्वारा विरोध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा गया कि वे आवेदन लिखकर दें कि वे आज परीक्षा नहीं दिलाना चाहते हैं। इसका भी छात्रों द्वारा विरोध किया गया और किसी तरह के आवेदन लिखे जाने से विद्यार्थियों द्वारा इनकार कर दिया गया। मामले को बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाइश देकर बगैर परीक्षा दिलाए भेजा गया।*

## ट्रेन रद्द होने से बसों के जरिए रायपुर पहुंच रहा है व्यापारियों का सामान

# ट्रेनें रद्द, अब 'बस' बनी मालवाहक भोपाल-नागपुर से पहुंच रहा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून सीजन से पहले ट्रेनों के लगातार रद्द होने से शहर के व्यापारियों का सामान महानगरों से समय पर रायपुर नहीं पहुंच रहा है। 13 जुलाई तक 100 ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हैं। ऐसे में अब व्यापारियों ने बसों को ही माल वाहक बना लिया है। दिल्ली, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद समेत अन्य महानगरों की बसों में बड़ी संख्या में व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। आलम यह है कि बसों में यात्रियों के साथ अब लगेज भी ओवरलोड होने लगा है। जून में लगातार ट्रेनों के रद्द होने से दूसरे राज्यों से सामान आने में समय लग रहा है। सुबह और रात के समय रायपुर पहुंच रही बसों की छत पर भारी सामान देखने को मिल रहा है। बस संचालकों का भी कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने पर कपड़े, जूते और स्टेशनरी के साथ फैंसी चीजों के व्यापारी बसों के जरिए सामान भिजवा रहे हैं।

**खास बातें**

- बसों में अब यात्रियों साथ लगेज भी हुआ ओवरलोड
- नियमों की अनदेखी कर बसों की छत पर ढो रहे सामान, दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक




### अंबिकापुर और दंतेवाड़ा रूट पर ओवरलोड अधिक

*बसस्टैंड से अंबिकापुर और राजिम, महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे अधिक बसें चलती हैं। अंबिकापुर जाने के लिए देर रात तक लग्जरी बसों के साथ सामान्य बसें चल रही हैं। दोनों रूट पर चलने वाली बसों में ओवरलोड लगेज जमकर ढोया जा रहा है। दंतेवाड़ा रूट पर भी 3 से 5 फीट तक बसों की छतों पर सामान भरा जा रहा है। बसों की छतों पर ओवरलोड लगेज लाने और ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस व आरटीओ की है, लेकिन शहर के भीतर से गुजरने वाली और नया बसस्टैंड से प्रतिदिन दूसरे राज्यों और जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों की जांच नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।*

### बसों की छत पर 5 फीट तक लगेज

*शहर में परिवहन के नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक यात्रियों के साथ भारी लगेज भी ढो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बसों में यात्री से ज्यादा अब व्यापारियों का सामान चढ़ाया जा रहा है। भाठागांव बसस्टैंड से यूपी, बिहार, भोपाल, नागपुर, झारखंड समेत कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इनमें खासकर यूपी और झारखंड जाने वाली बसों के साथ अंबिकापुर, राजिम और महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे ज्यादा लगेज ढोए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई बसों की छत पर 3 से 5 फीट तक सामान रखा जा रहा है। मानसून को लेकर व्यापारियों का लगेज सामान ट्रेन रद्द के बाद से बढ़ा है। यह यात्रियों की परेशानी के साथ हादसे की वजह भी बन रहा है। बसों की छत पर लगेज लादने और उतारते समय यात्रियों को भी खासी परेशानी हो रही है, लेकिन गंतव्य तक जाने की मजबूरी में कुछ कह नहीं पाते।*

# रेत घाट मौत मामले में तीन गिरफ्तार, तीन की पतासाजी

## जेसीबी मशीन से दबकर युवक की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन करने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। घटना तीन दिन पुरानी है। पुलिस को रेत घाट में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रेत घाट में अवैध उत्खनन करने के दौरान युवक की मौत मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पारागांव रेत खदान में रेत उत्खनन करने के दौरान जेसीबी मशीन से दबकर अभनपुर निवासी राजेश यादव की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेश की मौत मामले में अभनपुर निवासी जयवर्धन बघेल, बेमेतरा निवासी निलेश सिंह राजपूत तथा दुर्ग निवासी विमलेश द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा घटना में शामिल फरार आरोपी मुकेश ढीढी, अंकित तिवारी तथा अज्जू उर्फ जबाहिर कर्ष की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन में दबने से राजेश की दिल की धड़कन रुकने से मौत हुई है। पुलिस ने खनिज अधिकारी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सिख ड्राइवर का अपमान दो आरक्षक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस में सो रहे एक सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर तथा बाल खींचकर मारने के आरोप में एसएसपी संतोष सिंह ने दो आरक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर मारने की घटना के विरोध में सिख समाज के साथ ड्राइवर एसोसिएशन ने एसएसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसएसपी ने आरक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। घटना आठ-नौ जून दरमियानी रात की है। बस ड्राइवर बहादुर सिंह की पगड़ी उतारने तथा मारपीट करने के आरोप में एसएसपी ने आरक्षक चंद्रभान भदोरिया, सुरजीत सिंह सेंगर को निलंबित किया है। बस ड्राइवर के मुताबिक घटना दिनांक को वह बस के अंदर सो रहा था, इस दौरान दोनों आरक्षक उसके पास पहुंचे और उससे वहां रहने का कारण पूछा। तब बहादुर ने आरक्षकों को बताया कि वह महेंद्रा ट्रैवल्स का ड्राइवर है और वह बस में ही सोता है। इस पर आरक्षकों ने बहादुर से गाली-गलौज करने के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मौके पर आरक्षकों ने बहादुर की पगड़ी खोलकर मौके पर ही मारपीट कर थाना ले आए और वहां उसकी पट्टे से पिटाई करते हुए प्रतिबंधित धारा लगाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

- घटना टिकरापारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल की

# मानसून से पूर्व नाले-नालियों की शत प्रतिशत करें सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में शहर में अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ज्यादातर जलभराव नाली-नालों की सफाई नहीं होने तथा पानी निकासी के रास्ते बंद होने के कारण होता है। बारिश के दिनों में ऐसी कहीं स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए नगर निगम नाली-नालों की सफाई का अभियान चला रहा है, साथ ही जलभराव जैसे हालातों से निपटने के लिए सभी जोन कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम भी बनाई गई है। महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को सभी नाली-नालों की सफाई और जलभराव से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाली-नालों की सफाई नहीं है, वहां बारिश से पूर्व सफाई करा लें तथा जलभराव से निपटने के लिए टीम को भी तैयार रखें। महापौर ने निगम मुख्यालय में सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बैठक में मानसून के दौरान सुगम निकास प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली एवं इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने महापौर को जानकारी दी कि अब तक नाले-नालियों की 2 चरणों में सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं तीसरे चरण का काम जारी है।

- जलभराव से निपटने तैयार रखें टीम

# नहीं हो रही बारिश, सरगुजा समेत रायपुर में ग्रीष्मलहर के हालात

## मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून की गति धीमी और बारिश नहीं होने की वजह से सरगुजा और रायपुर संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री तक अधिक होने की वजह से यहां तेज गर्मी पड़ रही है। मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्द सक्रिय होने के आसार नहीं हैं। राज्य में अभी नमी की मात्रा पचास फीसदी तक सीमित है और क हीं - क हीं बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी राज्य में व्यापक रूप से बारिश की स्थिति नहीं बन पाई है। तापमान बढ़ने पर शाम होते ही अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा हो रही है। शुक्रवार की शाम जशपुर और राजनांदगांव में इस तरह के हालात बने। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जब तापमान चालीस डिग्री से अधिक और पारा सामान्य से पांच से छह डिग्री तक अधिक होता है, तो उस इलाके में ग्रीष्मलहर के हालात बन जाते हैं। दोनों परिस्थिति सरगुजा और रायपुर में बनी हुई है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वातावरण में केवल पचास प्रतिशत नमी होने की वजह से धूप का प्रभाव काफी विचलित करने वाला था। सुकमा के बाद बीजापुर तक पहुंचे मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने के लिए कुछ और वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह पूरे प्रदेश में इसके 23 जून के बाद ही असर दिखाने के आसार बन रहे हैं।

- मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश
- दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा, नमी 50 फीसदी




### तापमान में गिरावट के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य के ज्यादातर स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। कहीं-कहीं ही तेज बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा में चार, सराईपाली में तीन और बसना में एक सेमी. वर्षा हुई है। वहीं कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## जुलाई अंत तक होंगे महाविद्यालयों में दाखिले

# 48 घंटे बाद शुरू होगी अर्जी, पहली मेरिट लिस्ट 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार भी आवेदन केंद्रीकृत ही होगा, अर्थात सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन रविवि के पोर्टल में जाकर ही किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन करने के दौरान छात्रों को पांच विकल्प का चयन करना होगा। अपनी प्राथमिकता के आधार पर छात्र पांच महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। छात्रों द्वारा जिन पांच कॉलेजों का चयन किया गया है, उन महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा रविवि से प्राप्त छात्रों की सूची के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। छात्रों का चयन पिछली कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इसके बाद छात्रों को निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। इसी तरह दूसरे और तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, महाविद्यालयों में दाखिले जुलाई अंत होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, जुलाई अंत तक प्रवेश के बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जा सकेंगे।



### 31 जुलाई के बाद खोल दी जाएंगी सीटें

*रविवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 31 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही रविवि द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि विवि की लिखित अनुमति लिए बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।*

### ऐसा है शेड्यूल

**प्रथम चरण**
आवेदन प्रारंभ : 17 से 25 जून
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 25 जून
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 26 जून
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 26 जून से 8 जुलाई तक

**द्वितीय चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 8 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 9 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 9 जुलाई से 18 जुलाई तक

**तृतीय चरण**
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 18 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 19 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 19 जुलाई से 31 जुलाई तक

# ई-वे बिल प्रावधानों का पालन अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीएसटी राज्य कर विभाग ने सिविल लाइंस स्थित संभागीय कार्यालय में महात्मा गांधी मीटिंग हॉल में ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उनकी सुविधा के लिए ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 24 मई 2024 को शासन की उस अधिसूचना को विखंडित कर दिया गया है, जिसमें ई-वे बिलों में छूट दी गई थी। अब राज्य में 50 हजार से अधिक मूल्य के सामान के परिवहन पर ई-वे बिल जारी करना अनिवार्य है। विभाग के कर अधिकारी नरेंद्र गोस्वामी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नए प्रावधानों के संबंध में ट्रांसपोर्टरों से विस्तृत चर्चा किए जाने के बाद उन्होंने इस पर संतोष जताया तथा नए प्रावधानों के अनुसार कार्य करने की सहमति जताई है। अधिकारियों ने भी उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का निदान करने का आश्वासन दिया है।

- ट्रांसपोर्टरों के लिए जीएसटी विभाग की कार्यशाला

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** भीमखोज सेक्शन के किलोमीटर संख्या 78/10-11 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कट जाने के कारण मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 33 साल बताई गई है। रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम कपसाखुंटा से बसना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बिरंची यादव पिता टिकेश्वर यादव (36 साल) निवासी मेदनीपुर के कब्जे से 4400 एमएल महुआ शराब कीमत 660 रुपए जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी के एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वाहन की ठोकर साइकिल सवार की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूलाथा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर सायकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना के उपरांत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जर्म दर्ज किया है। पुलिस से जानकारी के मिली अनुसार बालमुकुंद यादव अपने साथी के साथ जिला सहकारी बैंक बागबाहरा से पैसा निकालकर वापस अपने गांव घुंचापाली जा रहे थे। तभी तेंदुलोथा के आगे चंडी मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर उसे अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। जिसके बाद बालमुकुंद यादव को सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### युवक पर जानलेवा हमला

**महासमुंद।** शादी में शामिल होने गए युवक के ऊपर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम टुहलू में हुए इस वारदात में कोमाखान थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### राधा साहू

**छुईहा बेलर।** राधा बाई साहू ग्राम चरभट्ठी का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे टिकू साहू की माता थी।



## पेज 11 के शेष...

### लूठापारा गांव की...

की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने कार्ययोजना तैयार किया गया। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल लगातार विद्युत विहीन ग्रामों में बिजली की रोशनी पहुंचने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दे रहे हैं और बैठकों में इसकी जानकारी भी ले रहे हैं गरियाबंद कलेक्टर के निर्देश पर छिन्दौला के बाद अब ग्राम लूठापारा में बिजली की रोशनी पहुंच गई। जनमन योजना शिविर दौरान ग्राम लूठापारा के ग्रामीणों ने गांव में बिजली लगाने की मांग प्रमुखता के साथ किया था जिसके फलस्वरूप से बिजली विभाग द्वारा सर्वे करवाई गई और आदिम जाति कल्याण विभाग के अफसर गांव में पहुचकर ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जाना साथ ही ग्रामीणों के मांग के अनुसार ग्राम लूठापारा में लगभग डेढ माह पूर्व बिजली की लाईन तार लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ गांव में ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली पहुंचाई गई और अब ग्रामीणों के घरो में बिजली के कनेक्शन देकर मीटर लगाया गया है और विधिवत बिजली की रौशनी इस गांव में पहुंचाई गई है ज्ञात हो कि इसके पूर्व इस क्षेत्र के ग्राम छिन्दौला में भी बिजली की रौशनी विष्णुदेव सरकार द्वारा पहुंचाई गई है।

### शत-प्रतिशत लोगों...

नागेश, चन्द्रकिशोर नागेश, विकास द्विवेदी, विजय रात्रे, एडिशनल साईओ नागवंशी, डीके शांडिल्य, बोध पटेल, प्रेम ध्रुव, संजय राजपुत, शालिकराम पटेल, त्रिवेण नागेश, संतोश गुप्ता, सलाम खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मितानिन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण : बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आधारित हुआ प्रशिक्षण**

# शिक्षा मनोरंजक व आनंददायक हो, कक्षा में उमंग का वातावरण बनाएं : मनहरण

हरिभूमि न्यूज : छुरा



छुरा विकासखण्ड में जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्राथमिक शाला के बच्चों के स्तर में सुधार के लिए सीखने के विभिन्न कौशल का विकास, गतिविधि आधारित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। जोन स्तर के सभी संकुलों के प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां हंस वाहिनी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रेरणा गीत शिक्षिका श्यामा नेताम ने प्रस्तुत किया।

पश्चात मास्टर ट्रेनर मनहरण लाल यादव ने सभी शिक्षकों को विषय आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से बताया कि शिक्षा मनोरंजक एवं आनंददायक हो, कक्षा में उत्साह एवं उमंग का वातावरण निर्मित करना चाहिए। शिक्षण को विविध गतिविधि से जोड़कर अमूर्त से मूर्त की ओर ज्ञान कराते हुए शिक्षा दी जानी चाहिए। बच्चों में स्किल डेवलपमेंट करने के संसाधन, प्रिंट रिच वातारण, मुस्कान पुस्तकालय, बिग बुक, डिकोडिंग आदि के बारे में बताया गया। डीआरजी चिरंजीव देवांगन ने शिक्षा संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्य पुस्तक का प्रयोग कर बच्चों को सिखाए जाने वाले विधि के बारे में रोचकपूर्ण गतिविधि कराया गया। एसआरजी डेहर पटेल ने प्रशिक्षार्थियों को ट्रेनिंग के बारे में बहुत ही सूक्ष्म से जानकारी प्रदान किया गया। इस बीच जिला शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे और महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपस्थित सभी शिक्षकों का उत्साह वर्धन किए। एफएलएन प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मतावले ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि जो सीख कर जा रहे हैं उसे अपने विद्यालयों में शतप्रतिशत लागु करना आपकी महती जिम्मेदारी है जिससे बच्चों को लाभ मिल सके। एपीसी विल्सन थामस ने कहा कि एफएलएन शिक्षण पद्धति एक बहुआयामी शिक्षण पद्धति है जिसका प्रयोग कर बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि कर शिक्षा में गुणवत्ता लाने की बात पर जोर दिया। बीआरसीसी देवांगन ने कहा कि प्राथमिक शाला के शिक्षा में जो चुनौती आती हैं उसे पूरा करने के लिए एफएलएन एक बेहतरीन शिक्षण पद्धति है। यह बच्चों की बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होने वाली है। संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु ने कहा कि एफएलएन शिक्षण पद्धति बच्चों के स्तर को समझना और स्तर अनुरूप शिक्षा प्रदान कर गुणवत्ता में सुधार करने में ब्रम्हास्त्र है। डीआरजी चिरंजीव साहू, मनहरन यादव, प्रकाश ध्रुव ने रोचक प्रशिक्षण दिया। संकुल समन्वयक यशवंत सिन्हा, रामलाल टांडे, खोरबाहरा निषाद, झामेश ध्रुव, शिक्षकगण ईश्वर देवांगन, यादराम साहू, प्रमोद मोंगरे, जमीला खातून, सबीना नाज, यशोमती यादव, मोहनी गोस्वामी, मंगलमूर्ति सोनी, फलेंद्र ठाकुर, प्रभु लाल, लता साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ने ली शिक्षकों की बैठक



**फिंगेश्वर।** संकुल केन्द्र बिजली में शिक्षकों की आवश्यक बैठक संकुल प्राचार्य द्वारा ली गई। इस बैठक में संकुल केन्द्र बिजली के अंतर्गत बारुला, नवाडीह बिजली, मड़वाडीह, खुड़ियाडीह, खुटेरी स्कूल के संस्था प्रमुख व शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि संकुल केन्द्र के अंतर्गत सभी शालाओं में शाला खुलने से पूर्व कक्ष, बरामदा कार्यालय एवं परिसर की साफ- सफाई अनिवार्य रूप से कराते हुए शाला विकास समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर लेवे। सभी स्कूलों में छात्र- छात्रओं को पुस्तक, गणवेश वितरण कर उनकी जानकारी पंजी में संधारित करते हुए उसे पोर्टल में अपडेट करें। सभी छात्र- छात्रओं का शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बना हुआ होना चाहिये ताकि कोई भी छात्र- छात्रएं छात्रवृत्ति से वंचित न हों। सभी शिक्षक शाला अवधि तक उपस्थित रहे एवं शिक्षक पाठ्यक्रम का निर्माण कर प्रतिदिन शिक्षक दैनंदिनी लिखते हुए संस्था प्रमुख से जाँच कार्य अवश्य ही करावें। इसके साथ साथ उच्च कार्यालय द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी नियत समयावधि में उपलब्ध कराएं। किसी भी स्थिति में जर्जर भवन में छात्र- छात्राओं को न बिठावें। उन्होंने आगे कहा कि सभी संस्था प्रमुख शाला परिसर, शौचालय एवं मध्यान्ह भोजन कक्ष की साफ- सफाई कराने की बात कही। शाला प्रवेशोत्सव के दिन सभी स्कूलों में कम से कम पांच पौधे लगावे। वहीं प्राथमिक शालाओं में एफ एल एन के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्ययोजना तैयार कर लेवें। पठन पाठन व लेखन कौशल के विकास हेतु शनिवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जावे। माह में कम से कम एक बार न्यौता भोजन का आयोजन के लिए पालक एवं जनप्रतिनिधि को प्रेरित करें। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के तहत गुणवत्ता पूर्ण भोजन परोसा जावे, साथ साथ मिड डे मिल ऐप में एंट्री जरुर करें। यू डाइस प्रपत्र पहले आफलाइन भरकर उनका अवलोकन करने के पश्चात ऑनलाइन भरे। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू, प्राचार्य बीएल ध्रुव, संकुल समन्वयक भुवन यदु, प्रधानपाठक गुलाबचंद साहू, लता ध्रुव, विद्या बोरझा, रंजना ढीढी, शिक्षक नंदकुमार यादव, मन्नू ध्रुव, लक्ष्मीनारायण सेन, ऋषि वल्लभ सेन, नेहा भेंसले, बिरेन्द्र यदु सहित संकुल केन्द्र बिजली के शिक्षक उपस्थित थे।

## महासमुंद की जनता ने जो इतिहास रचा है, इस बार हम विकास का इतिहास रचेंगे: रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

लोकसभा चुनाव-2024 महासमुंद संसदीय सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को रिकार्ड आज तक सबसे बड़े अंतर 1.45 लाख वोटों से हराते हुए नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम गृह नगर बसना आगमन पर आमजन, समर्थकों, पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सर्व समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। वर्ष 1952 से 72 वर्ष लंबे अंतराल के बाद महासमुंद संसदीय सीट में पहली महिला सांसद बनने के बाद स्वागत के लिए लोगों में अलग ही खुशी देखने को मिली। जहां बसना-अरेकेल राष्ट्रीय राजमार्ग-53 बाईपास पहुंचकर लोगों ने गमछा, फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर गर्म जोशी के स्वागत किया। विजय जुलूस में महिलाएं ज्यादा उत्साहित नजर आयी। स्वागत के दौरान जनपद चौक में जनपद पंचायत परिवार, सर्व समाज द्वारा, अग्रसेन भवन के सामने अघरिया समाज, कोलता समाज, सतनामी समाज, अग्रवाल नर्सिंग होम परिवार द्वारा बस स्टैंड में नगर पंचायत परिवार, फुलझर डड़सेना कलार समाज, सिद्ध संकट मोचक हनुमान मंदिर, सतनामी समाज, पूज्य सिंध पंचायत, मानिकपुरी पनका समाज, व्यापारी संगठनों, संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने भी स्वागत करते हुए लड्डू और फलों से तौलकर स्वागत किया।

## सिर्रीखुर्द में छात्रों को स्कूल बैग जूता व टाई का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में शाला खुलने से पहले पढ़ने वाले सभी बच्चों को शिक्षक खोमन सिन्हा के द्वारा स्कूल बैग, जूता टाई परिचय पत्र पेन का वितरण ग्राम प्रमुखों के उपस्थिति में शाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा किसी भी विद्यालय की बुनियाद प्राथमिक शिक्षा होती हैं प्राथमिक विद्यालय में आकर बच्चे अक्षर, अंक पहचान करना सीखते हैं शिक्षा का बुनियाद यदि शुरूआत से मजबूत हो तो आगे बेहतर से बेहतर शिक्षा की परिकल्पना कर सकते हैं जरूरी है शिक्षक के साथ ही पालकों का सहयोग सत प्रतिशत हो शिक्षा के क्षेत्र में आज राज्य सरकार के द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जा रही हैं राज्य के सभी सहकारी विद्यालयों में बेहतर सूविधा मुहैय्या कराया जा रहा है शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मेरे द्वारा एक छोटा सा प्रयास है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच अरुण वर्मा, चुमेश वर्मा, रामदास, प्रियांशु, रामेश्वर, लीलाबाई, तामेश्वरी, डिगेश्वरी, सुमित्रा, अशोक, राजेश सोनी, उत्तम साहू, थनेश्वर वर्मा उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खोमन सिन्हा आभार जगन्नाथ ध्रुव प्रधानपाठक ने किया।

## सहारा इंडिया का कार्यालय खुलवाकर निवेशकों का भुगतान किया जाए- पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहारा पीड़ित जमाकर्ता एवम कार्यकर्ता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के 8 से 10 लाख परिवारों को उनकी गाढ़ी कमाई का पैसा जो वर्ष 2012 से लंबित है सहारा रिफंड पोर्टल को बंद करके सीधे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के जोनल एवम सेक्टर कार्यालय खुलवाकर उनका बांड,एवं अन्य दस्तावेज सरल प्रक्रिया से लेते हुए मोदी, की गारंटी क्रमांक 17 के अनुसार भुगतान करवाने हेतु पत्र लिखा है।



श्री सोनी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पिछली भूपेश सरकार ने भी अपने घोषणा पत्र में पीड़ित निवेशक साथियों को संपूर्ण भुगतान का वादा किया था लेकिन सहारा इंडिया के विषय में उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का मामला है हवाला देते हुए अपने ही राज्य में सुब्रत राय की कंपनी सहारा इंडिया के डायरेक्टर, जोनल मैनेजर, शाखा प्रबंधक पर पीड़ितो नें सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में बीते 5 वर्षो में जन आंदोलन, धरना,प्रदर्शन,अनशन करते हुए निरंतर अहिंसात्मक तरीके से शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया और सहारा संगठन, छत्तीसगढ़ प्रदेश के बैनर तले महासमुंद, रायगढ़, भिलाई, दुर्ग में ही सहारा कंपनी के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी एवं निवेशकों को निरंतर गुमराह करने की धाराओं को पंजीबद्ध करते हुए एफआईआर दर्ज करवा पाए, अन्य जिलों में भी आंदोलन हुए लेकिन पुलिस थाने में आम निवेशकों की एफआईआर, सहारा के विरुद्ध नहीं लिखी गई। पूर्ववर्ती सरकार ने संबंधित भ्रष्ट आचरण में लिप्त सहारा को संरक्षण दिया और उनके डायरेक्टर साथियों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया जिससे प्रदेश के लाखो निवेशक आज तक न्याय के लिए, दर दर की ठोकर खाने एवम अपने ही पैसे को लेने के लिए पूर्णतः लाचार एवम आर्थिक रूप से विवश है।

पोर्टल में पारदर्शिता एवं नोटिफिकेशन की कमी है। कब कितनी राशि कैसे मिलेगी , यह पूर्णतः स्पष्ट नहीं है। श्री सोनी ने बताया कि इस पोर्टल में नियमावली,एवम भुगतान की प्रक्रिया बहुत ज्यादा जटिल है। भुगतान का प्रतिशत निकाले तो 1 प्रतिशत निवेशक भी इस प्रणाली से लाभान्वित नहीं हो पाए। इसे बंद करना इसलिए भी जरूरी है कि इसमें, वित निवेशक ही आवेदन कर पाए और जिनकी मृत्यु हो गई है उनकी नॉमिनी को भी ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदन करने से वंचित किया गया जो कि बहुत ही अव्यावहारिक एवं अन्यायपूर्ण है।

## नवनिर्वाचित सांसद का कल आगमन, स्वागत अभिनंदन की तैयारी में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुंमारी चौधरी के महासमुंद शहर आगमन को लेकर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर, जिला भाजपा कार्यालय में शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आगामी 17 जून को महासमुंद की प्रथम महिला नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का प्रथम नगर आगमन हो रहा है। योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि 6 महीने पहले आप सभी के परिश्रम से छग में 5 साल के कांग्रेस सरकार के कुशासन का अंत हुआ था, उस वक्त जिस प्रकार शहर में उत्साह और हर्ष का माहौल निर्मित हुआ था। वो उत्साह आज प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री और सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के ऐतिहासिक जीत से आज दोगुना हो गया है।

पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर अपने विश्वास की मुहर लगाई है और छग प्रदेश में 10 सीटों का योगदान केंद्र की भाजपा सरकार बनाने में यहा की जनता ने जनता ने दिया है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के आगमन पर स्वागत आभार रैली को सफल बनाने सभी कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार कुशल बूथ मैनेजमेंट से इस बार फिर से हर बूथ पर विजय के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान संपन्न करके लीड सुनिश्चित की है वो प्रशंसनीय है। आगामी कुछ महीनों में नगरीय निकाय चुनाव की बारी आने वाली है जिसमे हम सभी को फिर से यही प्रदर्शन दोहराना होगा। डॉ विमल चोपड़ा ने सांसद के प्रथम आगमन पर स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्डवार बैठक लेकर कार्यकर्ताओ की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील किया।

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने भी अपने संबोधन में नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की जीत में महासमुंद जिले की विधानसभाओं में सहयोग के लिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा की ये जीत हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बन चुकी है और ऐसे संयम में जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गयी है।

विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान ने 17 जून को सांसद रूपकुमारी के आगमन और उनके स्वागत आभार रैली कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद शहर प्रवेश पर तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात रैली के रूप में सांसद रूपकुमारी का शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण कार्यक्रम है जिसमे वो शहर की जनता का अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापित करती हुईं शामिल रहेंगी। 16 जून को हम सभी को मिलकर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत और रैली की सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करना है। शहर मंडल की इस बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश शर्मा और आभार वरिष्ठ पार्षद श्रीमती मीना वर्मा ने किया।

### तैयारी के लिए नियुक्त किए गए वार्ड प्रभारी

वार्ड 1 - देवीचंद राठी, हेमलता केसरवानी, वार्ड 2 - श्रीमती सुजाता विश्वनाथन, राहुल चंद्राकर, वार्ड 3 - श्रीमती अनिता रावटे, गणेश नायक, वार्ड 4- संदीप दीवान, अनुज पांडे, वार्ड 5- प्रकाश शर्मा, आनंद गोस्वामी, वार्ड 6 - पूनम चंद्राकर, डा विमल चोपड़ा, वार्ड 7- सतपाल सिंघ पाली, एमआर विश्वनाथन, वार्ड 8- मीना वर्मा, हाफिज कुरैशी, वार्ड 9- महेंद्र सिक्का, राकेश श्रीवास्तव, वार्ड 10- मोहन साहू, हनीश बग्गा, माखन पटेल, वार्ड 11- उत्तर प्रहरे, पवन वर्मा, वार्ड 12- पवन साहू, प्रलय थिटे, वार्ड 13- निरंजन शर्मा, मुन्ना साहू, वार्ड 14- देवेंद्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, वार्ड 15 - प्रदीप चंद्राकर, दिनेश रूपरेला, वार्ड 16- चंद्रहास चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, गणेश चौहान, वार्ड 17- नंदू जलक्षत्री, ऋषभ बाफना, वार्ड 18- इंद्रजीत सिंह गोल्डी, शंकर चंद्राकर, आकाश पांडे, वार्ड 19- कौशल्या बंसल, पवन पटेल, वार्ड 20- महेंद्र जैन, अमन वर्मा आदि होंगे।

वार्ड 21- रमेश साहू, मुन्ना देवार, वार्ड 22- हेमलता यादव, सुरेखा कंवर, वार्ड 23- राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, वार्ड 24- प्रलय थिटे, संदीप घोष, वार्ड 25- लाल विजय सिंह, मनीष शर्मा, वार्ड 26- मनीष शर्मा, श्रीमती शुभ्रा शर्मा, वार्ड 27- श्रीमती सुधा साहू, श्रीमती मधु यादव, प्रीति सोनी, वार्ड 28- महेंद्र जैन, नागेंद्र नशीने, वार्ड 29- विधायक माननीय योगेश्वर राजू सिंहा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, सुधा साहू, वार्ड 30 - सोनाधार सोनवानी, हिमांशु चंद्राकर होंगे।

## बरसात के पहले कच्चे मकानों की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



नर्रा। क्षेत्र में इन दिनों बरसात लगने के पहले अंचल के गावों के कच्चे मकानों की छप्पर की मरम्मत कार्य में लोग जुटे हुए हैं। इस दौरान खपरैल को सुधारा जा रहा है। भीषण गर्मी तेज धूप के चलते सुबह से मरम्मत कार्य शुरू हो जाता है।

## जिला ग्रंथालय में समसामयिक मासिक पत्र-पत्रिका का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी व ग्रंथालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा मासिक पत्रिका का लोकार्पण किया गया। डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय में अध्यनरत प्रतिभागियों के मांग पर मासिक पत्रिका का लोकार्पण 15 जून को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा किया गया। विधायक द्वारा ग्रंथालय का अवलोकन किया गया। ग्रंथालय में रखी गई पुस्तकें को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

जिला ग्रंथालय के नियमित पाठकों से विधायक ने चर्चा की वह समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश उनके समस्याओं को समाधान के लिए निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से वाचनालय का समय सीमा में वृद्धि तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के कारण नवकिरण वाचनालय को बंद करने की बाध्यता को समाप्त करने हेतु विधायक से निवेदन किया गया। उनके साथ मुख्य रूप से मंगेश टांकसाले, प्रदीप पांडे, आकाश पांडे, टिकेश्वर साहू, इमरान अली, महेश मक्कड़, दिलीप चंद्राकर के साथ साथ स्टाफ के समस्त शिक्षक साथी चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, राजदीप साहू, सौरभ जैन, शिवराज देवांगन,यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू, देवेंद्र निषाद, अनुसुइया लोधी के साथ समस्त छात्र-छात्राएं व ग्रंथालय के पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पीसीसी चीफ ने मृतक के परीजनों से की भेंट



नवापारा-राजिम। पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने रेत खदान में मृत यादव परिवार के घर ग्राम घोंट में जाकर मुलाकात किया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने तथा अपने तरफ से 5 हजार की सहयोग राशि प्रदान किया। उनके साथ धनराज मध्यानी नगर पालिका अध्यक्ष,जीत सिंग पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण, भागवत साहू सरपंच, सोहन देवांगन पूर्व सरपंच, चंद्रहास साहू, मोहन देवांगन, विजय देवांगन, ढिहू सोनवानी, मनहरण सोनवानी, लाल जी साहू मौजूद थे।

### धनेंद्र ने किया इंदिरा सिंह के निधन पर दुख व्यक्त

**नवापारा-राजिम।** पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू ने सरगुजा राज परिवार की इंदिरा सिंह (बेबी राज) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होने ईश्वर से प्रार्थना किया है कि टीएस सिंहदेव सहित सरगुजा राजपरिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने स्वर्ग में स्थान देवें।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने स्कूल, आश्रम, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी एवं शासकीय राशन दुकान का किया निरीक्षण

# शिक्षा सत्र के निर्बाध संचालन के लिए स्कूलों का निर्माण व मरम्मत शीघ्र कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ कोपरा

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शनिवार सुबह से फिंगेश्वर ब्लॉक के विभिन्न गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने स्कूल, आश्रम, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी एवं शासकीय राशन दुकान का निरीक्षण कर आमजनों को उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अग्रवाल ने 18 जून से शुरू होने वाले नये शिक्षा सत्र की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने गांवों के स्कूलों में भी पहुंचे। उन्होंने बारूका के कन्या आश्रम सहित पोंड, पाण्डुका, कुरूद, पंडरीतराई, लोहरसी, कौंदकेरा के आंगनबाड़ी, शासकीय प्राथमिक, मीडिल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई के लिए सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

साथ ही आमदी में किसान अंगद सिंह के खेत में मनरेगा के माध्यम से चल रहे गहरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा कार्य स्थल पहुंचकर कार्य में संलग्न मजदूरों की संख्या एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल ने स्कूल निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में आवश्यक साफ-सफाई, मरम्मत, रंगाई-पुताई, पुस्तकों का संधारण एवं अन्य आवश्यक कार्यों को स्कूल खुलने से पहले व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस दौरान प्राचार्यों को कहा कि नये शिक्षा सत्र की सभी तैयारियां अच्छे से सुनिश्चित करें। निर्माणाधीन कार्यों एवं मरम्मत के कामों को जल्द पूर्ण करवाये, जिससे बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में कोई दिक्कत या समस्याओं का सामना न करना पड़े। साथ ही शाला भी सुचारू रूप से संचालित हो। कलेक्टर ने स्कूल परिसरों की भी अच्छे से साफ-सफाई कर वृक्षारोपण करने तथा परिसर के भीतर अवैध कब्जों को हटाते हुए स्कूल परिसरों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिये। साथ ही आवश्यकतानुसार स्कूलों में बाउंड्रीवाल निर्माण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने सहसपुर के शासकीय राशन दुकान में पहुंचकर राशन भण्डारण एवं वितरण का जायजा लिया। इसके अलावा ग्राम कुरूद के स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर स्वास्थ्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने राजिम-पाण्डुका निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण के कार्यो का भी जायजा लिया। उन्होंने बारिश के पहले डामरीकरण के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश मौके पर मौजूद एनएच के अधिकारी एवं ठेकेदारों को दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, एसडीएम श्री विशाल महाराणा, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत मछलीपालन हितग्राहियों से की चर्चा




कलेक्टर अग्रवाल ने दौरा कार्यक्रम की शुरूआत में आमदीम में शासकीय मछली पालन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए स्पॉन उत्पादन एवं संवर्धन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बारिश के सीजन में मछली बीज के उत्पादन के लिए आवश्यक तैयारियों का अवलोकन कर विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश सहायक संचालक मछलीपालन विभाग श्री आलोक वशिष्ट को दिये। तत्पश्चात कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत शासकीय सहायता से मछलीपालन कर रहे ग्राम बारूका के किसान रोशन लाल पटेल एवं पाण्डुका के मछलीपालक किसान हिमांशु साहू से मछलीपालन के संबंध में चर्चा की। किसानों ने बताया कि शासन के सहयोग से मछलीपालन के लिए आवश्यक अनुदान राशि प्राप्त हुई है, जिससे मछलीपालन में मदद मिल रही है।

### आंगनबाड़ी में सुविधाओं का लिया जायजा, बच्चों को बांटी टॉफियां

कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम पोंड में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में पहुंचकर छोटे बच्चों के पढ़ने, खेलने और खाने की सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने स्नेहभाव से बच्चों से उनका नाम पुछा और आंगनबाड़ी में खाने और पढ़ने के लिए उपलब्ध चीजों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी बड़ी ही मासूमियत और चहकते हुए कलेक्टर को अपना नाम बताया, साथ ही प्रतिदिन उपलब्ध भोजन की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर ने बच्चों को स्नेह करते हुए टॉफियों का वितरण किया। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से वितरित किए जाने वाले पूरक पोषण आहारों के बारे में जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से ली। उन्होंने बच्चों, गर्भवती - शिशुवती महिलाओं तथा कुपोषण स्तर की जानकारी लेकर नियमित पौष्टिक आहार का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यकर्ता को दिए।

### स्वास्थ्य केंद्र और पीडीएस दुकान की व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

कलेक्टर ने कुरूद में स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों के इलाज के लिए सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने गांव के सभी लोगों के आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड निर्माण की जानकारी लेकर छूटे हुए सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा उसका स्वास्थ्य पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय होकर काम करने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिए। साथ ही ओपीडी के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों का ईलाज करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम सहसपुर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीडीएस दुकान से खाद्यान्न वितरण और हितग्राहियों की संख्या आदि की जानकारी दुकान संचालक से ली। उन्होंने नमक, शक्कर और चावल के स्टॉक और ऑनलाइन एंट्री से संबंधित जानकारी ली। साथ ही हितग्राहियों को नियमित राशन वितरण के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डीईओ ने नए शिक्षा सत्र से पूर्व ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड में नया शिक्षा सत्र के पूर्व शालाओ में आवश्यक तैयारी के संबंध में बैठक लिया गया। इस बैठक में संकुल समन्वयक प्रधान पाठक एंव शिक्षक उपस्थित हुए, जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद आंनद कुमार सराहवत ने बैठक में नया शिक्षा सत्र शाला प्रवेश उत्सव को लेकर चर्चा किया साथ ही 18 जून के पूर्व शालाओं की साफ- सफाई सुनिश्चित करें, तथा नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश पाठ्यपुस्तक वितरण कर तिलक गुलाल से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाने के निर्देश दिए। तथा मध्याह्न भोजन गणवेश पाठ्यपुस्तक का ऑनलाईन एन्ट्री शाला समय पर उपस्थिति एवं बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शाला प्रबंध समिति से सहयोग लेना एवं एवं एफएलएन कार्यक्रम शतप्रतिशत बच्चों को लाभ प्राप्त हो जिसकी मानीटरिंग करने निर्देश दिया गया। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी बुध्द विलास सिंग, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्र शेखर मिश्रा, विकास खण्ड स्त्रेत समन्वयक शिवकुमार नागे उपस्थित रहे।




## चिंतन शिविर में शामिल होने 30 किसान रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा 16, 17 एवं 18 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर में गरियाबंद जिले से 30 किसान शामिल होने राजिम से रवाना हुए।

प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने बताया कि जाने वालो में उत्तम साहू, ललित साहू, नंदुराम ध्रुव, होरीलाल साहू, तुलाराम साहू, सोमन यादव, योगेंद्र साहू, घनश्याम साहू, रूपकुमार साहू, मनोज साहू, टाकेश साहू, भुवन साहू, डिगेश्वर साहू, शेषनारायण चंद्राकर, हरीश चंद्राकर,चिन्ताप्रसाद, जीवन साहू, मानिक साहू, खुमान साहू, सोहन साहू, हीराराम सेन, गुलाब कोमर्रा, हरख साहू, कमल ध्रुव, भीम साहू आदि शामिल हैं।

## भुंजिया जनजाति के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित : सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में लगातार प्रदेश व देश के विकास के लिए अनेक योजनाए संचालित किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ लोगो को मिल रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आदिवासी कमार एवं भुंजिया जनजाति के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है और यह शिविर का आयोजन भी इसी उददेश्य के साथ किया गया है। कि ज्यादा से ज्यादा भुंजिया जनजाति के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उक्त बाते जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने ओडिसा सीमा से लगे ग्राम पंचायत दरलीपारा के आश्रित ग्राम नागलदेही में भुंजिया जनजाति शिविर को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान देवभोग एसडीएम हितेश पिस्दा, सीईओ रवि सोनवानी एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र के नागलदेही में भुंजिया जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हे एसडीएम हितेश पिस्दा द्वारा सरकार से मिलने वाली योजनाओं के सबंध में जानकारी दिया गया साथ ही ग्रामीणो की समस्याओं को सुन कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और कई समस्याओं को जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया। शिविर में राशन कार्ड में 24 लोगों का तत्काल नाम जोड़ा गया इसके अलावा, राजस्व, आवास, पेंशन संबधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए सभी आवेदनों को जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है। शिविर में राशन कार्ड, हितग्राहियों को वितरण किया गया। आयुष्मान कार्ड बनाया गया, किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर जांच एवं दवा वितरण की गई। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सुखचन्द्र बेसरा, जनपद सदस्य सचिन्द्र नेताम एंव विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



■ ग्राम नागलदेही में भुंजिया जनजाति शिविर का आयोजन

## धूमा ने जरगांव टीम को हराया



**हरिभूमि न्यूज छुईहा बेलर।** ग्राम कुंडेल खेल मैदान में अंडर 19 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। आयोजन के पहले लीग मैच में ग्राम धूमा ने जरगांव रवेली के टीम को हराया। उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद सदस्य धान बाई कमार, पत्रकार उरेन्द्र साहू, नागेंद्र साहू, लक्ष्मण और हितेश, देवेंद्र वर्मा, कैलाश चक्रधारी राजा, उमेश, भूपेंद्र अभिनंदन सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## तोखन के स्वागत समारोह में साहू समाज के लोग शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मोदी केबिनेट 3.0 में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू को केंद्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार में शामिल किए जाने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा साहू छात्रावास परिसर टिकरापारा रायपुर में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, संदीप साहू ,छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मोहन कुमारी साहू एवं साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री को भगवान श्री राजीव लोचन का तेल चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की दर्शन करने के लिए श्री संगम राजिम धाम आने का न्योता दिए।

## ग्रीष्म अवकाश को बढ़ाने की मांग

**राजिम।** नवदीप जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश को कम से कम एक सप्ताह और आगे बढ़ाने की मांग राज्य सरकार से की है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकतर जिलों का तापमान अभी भी 40 डिग्री सेल्सियस है प्रदेश में नया शिक्षा सत्र 18 जून 2024 से प्रारंभ हो रहा है विद्यालय लगने का समय प्रातः10 बजे से शाम 4 बजे तक है भीषण गर्मी का बुरा असर विद्यार्थियों शिक्षकों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है लिहाजा राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों के ग्रीष्म अवकाश को कम से कम एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी जावे।















